अप्रार्थी संख्या 1 से 4 की ओर से अधिवक्ता श्री शुभम छाजेड़ ने अधिकार पत्र एवं जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। अप्रार्थी संख्या 7 की ओर से अधिवक्ता श्री ललित लड्ढा ने अधिकार पत्र एवं जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली है। अप्रार्थी संख्या 5 व 6 के बावजूद सूचना के हाजिर नहीं आने से अप्रार्थी संख्या 5 व 6 के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही के आदेश दिए गए। तहसीलदार निम्बाहेडा द्वारा पत्र क्रमांक/राजस्व/2025/335 दिनांक 10.03.2025 से प्रकरण में मौका रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। प्रकरण में उप-पंजीयक निम्बाहेडा द्वारा पत्रांक/पंजीयन/2025/22 दिनांक 21.01.2025 से ग्राम भट्टकोटडी तहसील निम्बाहेडा की कृषि भूमि की प्रचलित बाजार दर प्रति हैक्टेयर प्रस्तुत की गई जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। बहस प्रकरण उभय पक्ष सुनी गई।

विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी कम्पनी ने आवेदन में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया प्रार्थी कम्पनी को तहसील निम्बाहेडा में सीमेंट प्लॉन्ट स्थापित किये जाने हेतु खनिज रियायत नियम 1960 के नियम 22 (1) के अन्तर्गत खनिज लाईम स्टोन (सीमेन्ट ग्रेड) की आपूर्ति हेतु निकट ग्राम फलवा, भट्टकोटडी, रसूलपुरा, लसडावन, मालियाखेडी एवं पीरखेडा की 740.930 हैक्टेयर भूमि के लिये खनन कार्य करने हेतु खनन पट्टा अनुदान स्वीकृत किया, जिसकी लीज डीड प्रार्थी कम्पनी के पक्ष में दिनांक 08.09.2008 को निष्पादित होकर उप पंजीयक निम्बाहेड़ा द्वारा पंजीयन की गई है। प्रार्थी कम्पनी के स्वीकृत लीज क्षेत्र में विपक्षी की खातेदारी एवं कब्जेयाबी की कृषि भूमि स्थित हैं जिसकी प्रार्थी कम्पनी को सीमेंट उद्योग के लिये कच्चा माल लाइम स्टोन (सीमेण्ट ग्रेड) की आपूर्ति हेतु खनन-कार्य हेतु आवश्यकता है। विपक्षी की हक एवं हिस्से की खातेदारी की उक्त कृषि भूमि की मुआवजा राशि निर्धारित किये बिना प्रार्थी कम्पनी को सीमेण्ट उत्पादन हेतु आवश्यक कच्चा माल प्राप्त नहीं हो सकेगा, जिससे प्रार्थी कम्पनी द्वारा सीमेण्ट उत्पादन किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा और सीमेण्ट उद्योग पर विपरित प्रभाव पडेगा। इसलिये राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 89 (04) के प्रावधानों के अनुसार प्रार्थना-पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि को खनन कार्य हेतु उपयोग में लेने के लिये इसकी मुआवजा राशि का निर्धारण करना आवश्यक है।

इस पर विद्वान अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 01 से 04 ने कथन किया कि प्रार्थी कम्पनी को खनन कार्य हेतु जमीन की आवश्यकता बताई है वह पूर्णतया गलत है। कम्पनी के पास पूर्व में ही काफी जमीन रिजर्व पड़ी हुई है। प्रार्थी कंपनी को कच्चा माल लाईम स्टोन हेतू पूर्व में काफी जमीन है जो हजारों बीघा है इसलिए प्रार्थी कंपनी को विपक्षीगण की जमीन की आवश्यकता नहीं है फिर भी हम किसानों की जमीन अवाप्त कानून के जरिये गलत तरीके से की जा रही है। निम्बाहेड़ा से मात्र 15 किलोमीटर दूर कारूण्डा एवं धनोरा गांव में 40.00 लाख रूपये तक प्रति बीघा रजिस्ट्रीयां हुई है मौके पर हमारी आराजीयात पर 40 बडे-बडे पौधे भी हैं। हमारी जमीन का मिनीमम 40.00 लाख रूपये प्रति बीघा मुआवजा तय किया जावे एवं पेड-पौधे जिनकी कुल कीमत 06.00 लाख रू. है। हम हमारी जमीन को देने

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

के इच्छुक नहीं है। उक्त जमीन पर हम बाप–दादाओं के जमाने से बसे हुए हैं यहां से दूर जाकर खेती करना सम्भव नहीं होगा एवं विपक्षीगण के परिवार का भरण पोषण मुख्य आधार कृषि हैं जिससे उसके परिवार का जीविकापार्जन चलता है अगर यह जमीन अवाप्त हो गई तो विपक्षीगण बेरोजगार हो जावेगा तथा जीविकोपार्जन का अन्य कोई साधन भी नहीं है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे।

विद्वान अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 07 ने कथन किया कि प्रश्नगत आराजीयात में विपक्षी संख्या 03 का हिस्सा निहित होने से विपक्षी संख्या 07 द्वारा विपक्षी संख्या 03 को निहित हिस्से पर सहकार किसान कल्याण योजना के तहत ऋण 1,10,000/– रूपये का ऋण दिनांक 24.02.2023 को भुगतान किया है। आराजी नम्बर 247 में विपक्षी संख्या 3 का निहित हिस्सा विपक्षी संख्या 07 बैंक के यहां रहन है। रहन की गई भूमि का प्रभार चित्तौड़गढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक के पक्ष में किया गया है। अतः मुआवजा राशि भुगतान करने से पहले ऋण राशि का भुगतान विपक्षी संख्या 07 को कराये जाने का आदेश प्रदान करावें।

इस पर बहस के रिवटल में विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी ने बताया कि विपक्षीगण की खातेदारी एवं कब्जेयाबी की ग्राम भट्टकोटडी तहसील निम्बाहेडा में खाता नम्बर 128 में उल्लेखित कृषि भूमि के खसरा नम्बर 247 क्षेत्रफल 0.41 हैक्टेयर भूमि में विपक्षी संख्या 1 से 4 (प्रत्येक का 1/4) का सम्पूर्ण हक एवं हिस्सा निहित है जो कि प्रार्थी कम्पनी के उक्त खनन क्षेत्र की स्वीकृत लीज क्षेत्र में स्थित होने से सीमेंट उद्योग के लिये कच्चा माल लाइम स्टोन (सीमेण्ट ग्रेड) की आपूर्ति हेतु खनन–कार्य के लिये प्रार्थना–पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि की प्रार्थी कम्पनी को आवश्यकता है। विपक्षीगण की खातेदारी की उक्त कृषि भूमि की मुआवजा राशि निर्धारित किये बिना प्रार्थी कम्पनी को सीमेण्ट उत्पादन हेतु आवश्यक कच्चा माल प्राप्त नहीं हो सकेगा, जिससे प्रार्थी कम्पनी द्वारा सीमेण्ट उत्पादन किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा और सीमेण्ट उद्योग पर विपरित प्रभाव पडेगा। इसलिये राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 89 (04) के प्रावधानों के अनुसार प्रार्थना–पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि को खनन कार्य हेतु उपयोग में लेने के लिये इसकी मुआवजा राशि का निर्धारण करना आवश्यक है।

विपक्षीगण के खातेदारी एवं कब्जेयाबी की उक्त कृषि भूमि प्रार्थी कम्पनी के खनन क्षेत्र में स्थित होने से विपक्षी द्वारा इस भूमि का कृषि प्रयोजनार्थ उपयोग एवं उपभोग नहीं हो सकेगा प्रार्थी कम्पनी विपक्षी को उसके हक एवं हिस्से के अनुसार उक्त भूमि की मुआवजा राशि का भुगतान कर कब्जा प्राप्त करने की अधिकारिणी है। प्रार्थी कम्पनी द्वारा सुचारू रूप से सीमेण्ट उत्पादन हेतु खनन प्रयोजनार्थ प्रार्थना–पत्र में उल्लेखित कृषि भूमि की आवश्यकता होने से प्रार्थी कम्पनी राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 89 (04) के अनुसार विपक्षी की उक्त भूमि की मुआवजा राशि का निर्धारण कराने की अधिकारिणी है। प्रार्थी कम्पनी माननीय न्यायालय द्वारा पारित अवार्ड के अनुसार विपक्षी को उक्त भूमि की मुआवजा राशि का भुगतान करने हेतु तत्पर एवं तैयार है। विपक्षीगण उक्त भूमि की मुआवजा राशि प्राप्त

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

